पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने महंत अवेद्यनाथ के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊ: 13 सितम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने गोरक्ष पीठाधीश्वर के महंत एवं पूर्व सांसद, श्री अवेद्यनाथ के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि महंत अवेद्यनाथ उनके पुराने परिचित रहे हैं और लोकसभा में उनके सहयोगी भी रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के विकास एवं भारतीय संस्कृति के सम्वर्द्धन के लिए उन्हें सदैव याद किया जायेगा।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की सद्गति की कामना करते हुए योगी आदित्यनाथ व अन्य अनुयायियों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रेषित की है।

अंजुम/ललित/राजभवन